# यूपी का चैटबॉट देश के 20 राज्यों में यात्रियों को देगा सुविधा

## परिवहन विभाग : व्हाट्सएप पर यात्रियों को डीएल से लेकर वाहनों से जुड़ी जानकारियां भी मिलेंगी

लखनऊ। परिवहन विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिए चैटबॉट शुरू किया है। इसमें व्हाट्सएप नंबर पर यात्रियों को डीएल से लेकर वाहनों तक से जुड़ी सारी जानकारियां मिलती हैं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल सहित देश के 20 राज्य यूपी की इस व्यवस्था को अपने यहां लागू करेंगे। यह जानकारी ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मोटर व्हीकल डिपार्मेंट टेक्निकल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने दी।

वह फेडरेशन व उत्तर प्रदेश डिपार्टमेंट रीजनल इंस्पेक्टर टेक्निकल सर्विस एसोसिएशन की तरफ से रविवार को एक होटल में आयोजित रोड सेफ्टी वर्कशॉप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप पर एक नंबर 8005441222 सेव करने के बाद चैटबॉट से परिवहन विभाग की ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन से जुड़ी तमाम सेवाओं की जानकारी पलभर में मिल जाती है।

उन्होंने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर बृजेश नारायण सिंह के इस कदम को सराहा। कार्यक्रम में परिवहन आयुक्त बीएन सिंह, महाराष्ट्र के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर विवेक भीमानवर, रोड सेफ्टी अथॉरिटी गुजरात के सेवानिवृत्त आयुक्त एसए पटेल एमवीआई विष्णु कुमार व प्रशांत कुमार उपस्थित रहे।

**एमवीआई को मिले चेकिंग का अधिकार :** नासिक के एआरटीओ सचिन कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में संभागीय निरीक्षकों (आरआई) को मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) का पदनाम मिल गया है, लेकिन उन्हें वाहन चेकिंग के अधिकार नहीं मिले हैं। अधिकार मिलने पर वाहनों की तकनीकी जांच होगी और सड़क हादसे रुकेंगे। देश में कई राज्य अभी भी ऐसे हैं, जहां आरआई हैं और वे सिर्फ डीएल व फिटनेस के काम कर रहे हैं। ब्यूरो